Dainik Jagran
New Delhi, 8 January 2013

गोल्फ टूर्नामेंट में दिखेंगे सचिन

नई दिल्ली : सचिन तेंदुलकर गुजरात केंसविले गोल्फ टूर्नामेंट में उसके ब्रांड एंबेसडर के तौर तौर पर उपस्थित रहेंगे। वह 30 जनवरी को टूर्नामेंट के साक्षी बनेंगे। इस यूरोपीय

चैलेंज टूर के मेजबान और भारत के चोटी के गोल्फर जीव मिल्खा सिंह ने कहा कि तेंदुलकर की उपस्थिति से प्रतियोगिता को फायदा होगा। टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद यह सीनियर क्रिकेटर भी गोल्फ में हाथ आजमाएगा। उन्होंने कहा कि यह अच्छा है कि सचिन इस टूर्नामेंट के दौरान उपस्थित रहेंगे। मेरे और अमिताभ बच्चन के अलावा वह भी इसके ब्रांड एंबेसडर हैं।